# मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2026 / 9393 दिनांक: 09.01.2026

## आदेश

विश्वविद्यालय आदेश क्रमांक No. F. (182) Gen/MLSU/2025/3771 दिनांक 10.11.2025 के क्रम में द्वितीय सेमेस्टर से परीक्षा आवेदन की हार्ड कॉपी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में जमा कराने की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। उक्त संबंध में समस्त महाविद्यालय निम्नलिखित निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें :–

1. महाविद्यालय पोर्टल पर विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज (अंकतालिकाएं / सर्टिफिकेट इत्यादि) अपलॉड होंगे। समस्त महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन की गहनता पूर्वक जांच / अभ्यर्थियों की योग्यता एवं विभिन्न दस्तावेजों से नियमानुसार सावधानी पूर्वक जांच सुनिश्चित की जाकर पोर्टल पर ऑनलाईन Approve करने होंगे।
2. परीक्षा आवेदनों को Approve करने की कार्यवाही प्रतिदिन (day to day) सुनिश्चित किया जावें तथा अन्तिम तिथि तक समस्त परीक्षा आवेदनों को ऑनलाईन Approve कर इसकी लिखित में सूचना परीक्षा विभाग की अधिकारिक Mail ID drexam@mlsu.ac.in पर अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करावें।
3. महाविद्यालय पोर्टल पर परीक्षा आवेदन पत्रों की जांच के उपरान्त यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के लिए निर्धारित पात्रता नहीं रखता है तो महाविद्यालय द्वारा उसके आवेदन को UNAPPROVED (अस्वीकृत) कर इसकी सूची परीक्षा विभाग को अविलम्ब अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
4. महाविद्यालय कॉलेज पॉटल पर गहनतापूर्वक / नियमानुसार परीक्षा आवेदन पत्रों की जांच करने के पश्चात् ही Approve करें। साथ प्रथम सेमेस्टर / प्रथम वर्ष के आवेदन की मुद्रित प्रति (Hard Copy) निर्धारित समयावधि में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करावें अन्यथा महाविद्यालय को मिलने वाली अग्रेषण शुल्क से कटौति की जायेगी। यदि महाविद्यालय द्वारा निर्धारित समयावधि में परीक्षा आवेदन Approve नहीं किया जाता है अथवा आवेदन पत्र गलत Approve किया जाता है तो प्रत्येक त्रुटि / गलती के लिए अधिभार राशि अग्रेषण शुल्क से कटौति कर दी जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की स्वयं की होगी।

**परीक्षा कार्य में महाविद्यालय का सहयोग अपेक्षित है।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, माननीय कुलगुरु महोदय, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
2. अधिष्ठाता / प्राचार्य / निदेशक, समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय.......................... ।
3. कुलसचिव / वित्त नियंत्रक, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. परीक्षा नियंत्रक, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
5. परिणाम प्रभारी, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
6. उप कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय / सामान्य / सम्बद्धता विभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
7. सहायक कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय अनुभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
8. इन्चार्ज, इन्टरनेट केन्द्र, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपर्युक्त को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करावें।
9. संकाय प्रभारी, परीक्षा शाखा, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
10. प्रभारी, मिडिया को प्रेषित कर लेख है कि उपर्युक्त कार्यवाही करावें।
11. Nodal Officer, SUMS/BECIL, New Delhi
12. रक्षित पत्रावली।

सहायक कुलसचिव